# कक्षा 5 हिन्दी (वीणा)
## अभ्यास प्रश्न पत्र – 2
**(सत्र – 2026-27)**

**निर्धारित समय:** 2 घंटे | **अधिकतम अंक:** 50

**सामान्य निर्देश:**
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है।
➤ भाग क (पठन) – 10 अंक
➤ भाग ख (लेखन) – 10 अंक
➤ भाग ग (व्याकरण) – 10 अंक
➤ भाग घ (पाठ्यपुस्तक) – 20 अंक
- प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

## भाग-क (पठन)

**1. दिए गए गद्यांश को पढ़िए। [5]**

एक दिन कुछ बच्चे एक खुले मैदान में खेल रहे थे। खेलते-खेलते एक लड़का टीले पर चढ़ गया। वहाँ उसे एक बड़ा और चिकना पत्थर दिखाई दिया। उसने अपने मित्रों को बुलाया और उस पर बैठकर अपने आपको राजा बताने लगा। दूसरे बच्चों को यह खेल बहुत अच्छा लगा। वे अपनी-अपनी फरियाद लेकर उसके पास आते और वह उनकी बातें सुनकर निर्णय देता। धीरे-धीरे यह खेल इतना लोकप्रिय हो गया कि बच्चे रोज़ उसे खेलने लगे।

क. बच्चे कहाँ खेल रहे थे?

i. बगीचे में ii. खुले मैदान में
iii. विद्यालय में iv. नदी के किनारे

ख. लड़के को टीले पर क्या दिखाई दिया?

i. एक पेड़ ii. एक बड़ा और चिकना पत्थर
iii. एक झूला iv. एक घर

ग. लड़का पत्थर पर बैठकर अपने आपको क्या बताने लगा?

i. सैनिक ii. शिक्षक
iii. राजा iv. किसान

घ. बच्चे लड़के के पास किस उद्देश्य से आते थे?

i. खेलने के लिए सामान लेने
ii. अपनी फरियाद सुनाने
iii. खाना खाने
iv. पढ़ाई करने

ङ. 'फरियाद' का अर्थ है—

i. शिकायत या निवेदन
ii. खेल
iii. यात्रा
iv. उत्सव

**2. 'जागो प्यारे' कविता को पढ़कर सही उत्तर चुनिए।** **[5]**

उठो लाल, अब आँखें खोलो।
पानी लाई हूँ, मुँह धो लो।
बीती रात कमल-दल फूले,
उनके ऊपर भौंरे झूले।
चिड़ियाँ चहक उठीं पेड़ों पर,
बहने लगी हवा अति सुंदर।

क. कविता में बच्चे से क्या करने के लिए कहा गया है?

i. सोने
ii. आँखें खोलने
iii. खेलने
iv. दौड़ने

ख. कमल-दल कब फूले थे?

i. सुबह होने से पहले की रात में
ii. दोपहर में
iii. शाम को
iv. वर्षा में

ग. कमल के ऊपर कौन झूले?

i. तितलियाँ
ii. भौंरे
iii. चिड़ियाँ
iv. मछलियाँ

घ. पेड़ों पर कौन चहक उठीं?

i. चिड़ियाँ
ii. गिलहरियाँ
iii. भौंरे
iv. तितलियाँ

ङ. 'सुंदर' का विलोम शब्द है—

i. मनमोहक
ii. अच्छा
iii. कुरूप
iv. स्वच्छ

## भाग-ख (लेखन)

**3. 'सुंदरिया' पाठ के आधार पर पशु-पक्षियों के प्रति अपने प्रेम और उनकी देखभाल के बारे में अपने मित्र को पत्र लिखिए।** **[5]**

प्रिय मित्र ________,

आशा है तुम कुशल हो।

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

तुम्हारा मित्र / तुम्हारी मित्र : ________________

**अथवा**

**अपने विद्यालय में 'पशु-पक्षी संरक्षण दिवस' मनाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।**

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

**4. नीचे दी गई कहानी को आगे बढ़ाकर पूरा कीजिए।** **[5]**

रविवार की सुबह आरव अपने दादा जी के साथ टहलने निकला। रास्ते में उन्हें एक छोटा-सा पौधा सड़क के किनारे दिखाई दिया। पौधा मुरझाया हुआ था। आरव ने उसे देखकर दादा जी से कहा— "दादा जी, इसे बचाना चाहिए।" दादा जी मुस्कुराए और बोले- "हाँ, लेकिन हमें मिलकर इसकी देखभाल करनी होगी।" इसके बाद ___________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

**अथवा**

**'यदि मैं चित्रकार होता/होती' विषय पर अपने विचारों को 8–10 वाक्यों में लिखिए।**

____________________________________________________________
___________________________________________________________
___________________________________________________________
___________________________________________________________
___________________________________________________________
___________________________________________________________

## भाग-ग (व्याकरण)

**5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**

क. नीचे दिए गए शब्दों को हिंदी वर्णमाला के क्रम में लगाइए।
आकाश, कमल, चिड़िया, पेड़, हवा

ख. रेखांकित शब्द का विपरीत अर्थ लिखकर रिक्त स्थान भरिए।
आज दिन है और कल __________ होगी।

ग. वाक्य में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए।
राजा ने सुंदर सिंहासन देखा।

घ. 'आकाश' का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

ङ. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द पर गोला लगाइए—
आशिर्वाद | आशीर्वाद | आर्शीवाद

**6. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**
क. नीचे दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखिए-
'एकटक देखना'

ख. सर्वनाम शब्द पर गोला लगाइए— 'वह अपने मित्रों के साथ मैदान गया।'

ग. क्रिया शब्द पर गोला लगाइए— 'चिड़ियाँ पेड़ों पर चहक उठीं।'

घ. दिए गए वाक्य के लिए एक शब्द लिखिए— 'जिसे देखकर आश्चर्य हो' : _______________

ङ. रिक्त स्थान भरिए— 'पेड़ की __________ पर चिड़ियाँ बैठी थीं। (डाली/थाली)'

## भाग-घ (पाठ्यपुस्तक)

**7. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×2=10]**

क. 'किरन' कविता में बालिका को रात में नींद आने में कठिनाई क्यों हुई?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ख. 'न्याय की कुर्सी' कहानी में बच्चों के खेल की चर्चा नगर में कैसे फैल गई?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ग. 'साङ्केन' के तीसरे दिन बौद्ध भिक्षु मूर्तियों के साथ क्या करते हैं?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

घ. 'चतुर चित्रकार' में शेर को देखकर चित्रकार के मन में पहले क्या हुआ और बाद में उसने क्या किया?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ङ. 'सुंदरिया' कहानी के अंत में हीरासिंह सेठ से क्या कहता है और गाय को कहाँ ले जाता है?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**8. 'किरन' कविता में किरन और बालिका के संबंध को अपने शब्दों में समझाइए।** **[3]**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**अथवा**

**'पेड़ का जादू' पाठ से हमें पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के क्या लाभ पता चलते हैं?**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**9. 'न्याय की कुर्सी' कहानी में राजा को सिंहासन पर बैठने से पहले किन-किन बातों का सामना करना पड़ा? [3]**

______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________

**10. 'चतुर चित्रकार' में चित्रकार ने शेर को नाव तक पहुँचने और वहाँ से निकलने की योजना कैसे सफल की? क्रमवार लिखिए। [4]**

______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________

**अथवा**

**'साङ्केन' और आपके द्वारा मनाए जाने वाले किसी त्योहार में एक समानता और एक अंतर लिखिए।**

______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________